धनबाद, गुरुवार
5 दिसंबर 2019
आसनसोल
मूल्य ₹ 5.00
पृष्ठ 14

# दैनिक जागरण

www.jagran.com
प. बंगाल, झारखंड, बिहार, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश से प्रकाशित



हैदराबाद के दरिंदों को जल्द सजा मिलने की बढ़ी उम्मीद 13
गूगल की पेटेंट कंपनी अल्फाबेट के भी सीईओ बने सुंदर पिचाई 11



**कार्यक्रम** डीपीएस आसनसोल में वार्षिक कार्निवल का आयोजन

# छात्रों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभा रहा डीपीएस

जागरण संवाददाता, **आसनसोल** : दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में वार्षिक कार्निवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान सह वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर नादिया एक्सप्रेस झूलन गोस्वामी उपस्थित थी।

कार्यक्रम के पूर्व स्कूल के प्रबंध निदेशक प्रतीक गोयनका तथा प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने मुख्य अतिथि तथा अन्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि झूलन गोस्वामी ने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ खेलकूद, नृत्य, संगीत तथा अन्य में पारंगत होना भी आवश्यक है। कार्यक्रम को देखकर लग रहा है कि डीपीएस आसनसोल देश, समाज और छात्रों के बेहतर भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने विद्यालय की प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि नवीन शिक्षा प्रणाली और पठन-पाठन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारा उद्देश्य है।



दिल्ली पब्लिक स्कूल में समारोह को संबोधित करती महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान झूलन गोस्वामी • जागरण



दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल के वार्षिक कार्निवल के दौरान गीत प्रस्तुत करते स्कूल के विद्यार्थी • जागरण

प्रबंध निदेशक प्रतीक गोयनका ने कहा कि डीपीएस आसनसोल छात्रों के विकास के लिए हर संभव प्रयास के लिए कटिबद्ध है। स्कूल में उच्च स्तरीय शिक्षा के साथ अन्य कौशलों के विकास को सुविधाएं उपलब्ध करना हमारा ध्येय रहा है। वार्षिक कार्निवल में विभिन्न प्रांत के नृत्य के साथ सामूहिक गीत पेश किया। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा यातायात एवं संचार, आहार, कृषि, खेलकूद, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य, सुरक्षा, शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भारत की तर प्रगति को मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर दसवीं की बोर्ड परीक्षा में सर्वोत्तम परीक्षा परिणाम देने के लिए विज्ञान विभाग को मुख्य अतिथि द्वारा डिपार्टमेंट ऑफ द इयर की ट्रॉफी प्रदान की गई। पांचवी कक्षा के छात्र शायन मुखोपाध्याय और तीसरी कक्षा की छात्रा अहाना मंडल को वेस्ट बंगाल ओपन स्टेट कराटे चैम्पियनशिप में क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय स्थान हासिल करने के लिए, सात-सात हजार रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। डीपीएस आसनसोल प्रबंधन समिति की सदस्य डॉ. नन्दिनी चौधरी सेन ने छात्रों की प्रस्तुति की प्रशंसा की।